भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1721
जिसका उत्तर दिनांक 03.08.2023 को दिया जाना है

त्रावणकोर टाइटेनियम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीटीपीएल) को इल्मेनाइट की आपूर्ति

1721 डा. जॉन ब्रिटास :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टीटीपीएल ने इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) से आईआरईएल, चावरा यूनिट से पर्याप्त मात्रा में इल्मेनाइट की आपूर्ति प्रदान करने के लिए कई बार अपील की है, ताकि इसकी परिचालन व्यवहार्यता सुनिश्चित हो सके और आईआरईएल ने अब तक मांग पूरी नहीं की है;

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आईआरईएल द्वारा, टीटीपीएल को टाइटेनियम डाइऑक्साइड के उत्पादन में प्रमुख कच्चे माल इल्मेनाइट की आपूर्ति में कमी के कारण भारी नुकसान हो रहा है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार टीटीपीएल को पर्याप्त मात्रा में इल्मेनाइट की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र निर्णय लेगी?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) तथा (ख) जी, हां। टीटीपीएल अपनी TiO_2 पिगमेंट सुविधा के लिए आईआरईएल से अधिक टन इल्मेनाइट की मांग कर रहा है। डाउनस्ट्रीम उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए, आईआरईएल ने चावरा में खनन और खनिज प्रक्रमण के लिए एक एकीकृत सुविधा स्थापित की है। खनिज प्रक्रमण संयंत्र की प्रति वर्ष दो लाख टन इल्मेनाइट के उत्पादन की क्षमता है जोकि पूरी क्षमता पर प्रति वर्ष करीब 1.7 से 1.8 लाख टन की उद्योग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। हालाँकि, क्षमता के अनुरूप संसाधित खनिज इल्मेनाइट के निष्कर्षण के लिए खानों से अपेक्षित भरण

अर्थात सभी समुद्र तटीय रेत खनिज (बीएसएम) अयस्क आईआरईएल के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। चावरा में संभरक खानों में कानूनी अधिकारों की कमी और निवास सहित अन्य विविध कारणों से ऐसा है। इस घटना के कारण, आईआरईएल अपनी क्षमता तक उत्पादन करने में असमर्थ है और इसलिए, केरल स्थित डाउनस्ट्रीम उद्योगों की पूरी आवश्यकता को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आईआरईएल अपने स्वयं की भरण बाधाओं से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए केरल सरकार के साथ लगातार संपर्क में है ताकि केरल में इल्मेनाइट की मांग करने वाले डाउनस्ट्रीम उद्योग जिसमें टीटीपीएल भी शामिल है, की पूर्ण आवश्यकता की आपूर्ति की जा सके। इस बीच, टीटीपीएल को कई बार अनुरोध किया गया है कि वे अपनी पूर्ण मांग को पूरा करने के लिए आईआरईएल की ओसकॉम इकाई से इल्मेनाइट प्राप्त करें, लेकिन टीटीपीएल केवल केरल में उत्पादित इल्मेनाइट की मांग तक ही सीमित है।

(ग) तथा (घ) उपरोक्त (क) और (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

* * * * *